राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING
आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित/ISO 9001 : 2008 Certified
(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, मा.सं.वि.मं., भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)
(An Autonomous Institution Under Deptt. of School Education and Literacy, M.H.R.D., Govt. of India)

**फा-26-03/2017/एनआईओएस/वि.स.से./वाईएससी/801** **दिनांक : 04.07.2017**

## अधिसूचना - 12/2017

**भारतीय संस्कृति और विरासत में योग का महत्वपूर्ण स्थान है। आरंभ से ही योग हमारी जीवन शैली में शामिल है। यह स्वस्थ जीवन जीने की कला है जो मस्तिष्क एवं शरीर के बीच संबंध स्थापित करती है। यह इस विषय का विज्ञान है जो शरीर, मस्तिष्क तथा आत्मशक्ति का संपूर्ण विकास कर व्यक्तित्व का निर्माण करता है। यह प्रत्येक को स्वस्थ तथा तन्दुरूस्त रहने के लिए प्रोत्साहित करता है।**

**एनआईओएस ने योग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया है। इस कार्यक्रम में निम्नलिखित पांच विषय हैं :**

1. **योग का दर्शन एवं शरीर विज्ञान**
2. **मानव शरीर, आहार एवं शत्कर्म**
3. **अनुप्रयोग योग**
4. **प्रायोगिक योगिक प्रशिक्षण**
5. **योग शिक्षण कौशल**

**यह कार्यक्रम भारतीयों के साथ-साथ विदेशी नागरिकों के लिए भी खुला है। शिक्षार्थी एक माह के आवासीय कार्यक्रम के लिए अथवा छः माह के कार्यक्रम के विकल्प का चयन कर सकते हैं। कार्यक्रम की अवधि 240 घंटे है। यह पाठ्यक्रम वर्तमान में हिंदी में कराया जाएगा तथा तत्पश्चात् अन्य भाषाओं में भी चलाया जाएगा। अर्हता के लिए सभी घटकों में अलग-अलग 50% अंक होना आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रवेश के लिए योग्यता निम्नानुसार है :**

- **योग्यता मानदण्ड :**
  **किसी मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड/विश्वविद्यालय से न्यूनतम 12वीं पास अथवा समकक्ष**
  **18 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु**
- **प्रवेश प्रक्रिया**
  **कार्यक्रम में प्रवेश के लिए निर्धारित आवेदन फार्म विवरणिका के साथ उपलब्ध होगा तथा यह एनआईओएस से अथवा इसके प्रशिक्षण केंद्र अथवा एनआईओएस की वेबसाइट www.nios.ac.in से भी प्राप्त किया जा सकता है।**

शिक्षार्थी आवेदन फार्म वर्ष भर प्रशिक्षण केंद्र पर जमा कर सकते हैं अथवा प्रवेश के लिए ऑनलाईन माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। यह प्रवेश पांच वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा।

- पाठ्यक्रम शुल्क

विदेशी नागरिकों के लिए कार्यक्रम शुल्क $500 तथा भारतीय नागरिकों के लिए रु.10,000/- है। यह एनआईओएस तथा एवीआई द्वारा क्रमश: 30%:70% समानुपात में साझा किया जाएगा। शुल्क में अध्ययन सामग्री, परीक्षा तथा प्रयोगिक/प्रशिक्षण का मूल्य शामिल है। इस पाठ्यक्रम में पहली बार में उत्तीर्ण न कर पाने की स्थिति में शिक्षार्थी को एनआईओएस के नियमानुसार भुगतान करना होगा। केंद्र रहने, खाने तथा अन्य खर्च सुविधाओं के अनुसार अलग शुल्क लेगा।

प्रत्यायन के लिए नियम

- आधारभूत सुविधाएं
- कक्षा - सह हॉल : योग कक्षा एवं अभ्यास के लिए 20 शिक्षार्थियों के लिए स्थान। कक्षा-सह-हॉल में (न्यूनतम क्षेत्र - 700 वर्गफीट) एक श्यामपट्ट/श्वेत पट्ट होना चाहिए। यह उचित रूप से हवादार व प्रकाशयुक्त होना चाहिए।
- योग अभ्यास के लिए सुविधाएं :
  - रबड़ की नेती, जल नेती के लिए लोटा इत्यादि
  - योग चटाई/दरी, पानी का जग तथा बिजली की केतली इत्यादि।
- कार्यालयी व्यवस्था के लिए अन्य उपकरण :
- कम्प्यूटर/लैपटॉप तथा प्रिंटर
- फोटोकॉपीयर (वैकल्पिक तौर पर)
- प्रोजेक्टर
- भौतिक सुविधाएं : पीने के पानी, बाथरूम तथा शौचालय (महिलाओं तथा पुरुषों के लिए अलग-अलग) सुविधाएं
- पुस्तकालय सुविधा : योग विषय से संबंधित लगभग 25-30 किताबें/लेख/पत्रिकाएं इत्यादि
- ठहरने की सुविधा : योग शिक्षक प्रशिक्षण दो विधियों से आरंभ किया जाएगा :
  - एक माह का आवासीय पाठ्यक्रम (अथवा)
  - मुक्त दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) के माध्यम से प्रायोगिक प्रशिक्षण के साथ छ:माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

यद्यपि ‘संपर्क समय - 24 घंटे दोनों विधियों में समान है। रहने/ठहरने की सुविधा केवल उन संस्थानों के लिए आवश्यक है जो एक माह का आवासीय पाठ्यक्रम कराना चाह रहे हैं और उन्हें नामांकित शिक्षार्थियों की आवास तथा भोजन आदि की सभी सुविधाएं प्रदान करना चाहिए। यद्यपि संस्थान इन सभी सुविधाओं के लिए अलग से न्यूनतम शुल्क लेगा।

- संकाय एवं सहायक स्टाफ

| संकाय एवं सहायक स्टाफ | शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यता | संख्या |
|---|---|---|
| समन्वयक | स्नातक | 01 |

| | | |
|---|---|---|
| **सिद्धांत एवं प्रयोग के लिए योग शिक्षक** | **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग पी.जी. स्नातकोत्तर डिप्लोमा<br>योग कक्षाओं का कम से कम 02 साल का अनुभव** | **02** |
| **सह लिपिक** | **कार्य से संबंधित** | **01** |
| **ऑफिस बॉय** | **कार्य से संबंधित** | **01** |

**नोट : समूह का आकार - एक समूह में अधिकतम 20 शिक्षार्थी**

**संस्था इस पाठ्यक्रम के लिए अधिकतम 04 समूह प्रति सत्र चला सकता है।**

- **प्रत्यायन शुल्क**

**आवश्यक संरचनागत सुविधाओं वाली संस्थाएं इस कार्यक्रम को चलाने के लिए एनआईओएस की प्रत्यायित व्यवसायिक संस्था (एवीआई) के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए रजिस्टर करने के लिए एनआईओएस की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित फार्म में आवेदन करें। कार्यक्रम का पूर्ण विवरण एनआईओएस की वेबसाइट** www.nios.ac.in **पर उपलब्ध है। नए प्रत्यायित संस्थाएं एनआईओएस के नियमानुसार प्रत्यायन शुल्क के रूप में रु. 20,000/- का भुगतान करें। मौजूदा एवीआई योग कार्यक्रम चलाने के लिए अतिरिक्त शुल्क के रूप में रु. 5000/- का भुगतान करें।**

**यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।**

**(सी.धारूमन)**
**निदेशक (वि.स.से.)**

**वितरण :**

1. **सभी विभागाध्यक्ष**
2. **अध्यक्ष महोदय की सूचनार्थ सहायक निदेशक (अ.का.)**
3. **सभी क्षेत्रीय निदेशक**
4. **संयुक्त निदेशक (सीबीसी)**
5. **संयुक्त निदेशक (वि.स.से.), एनआईओएस**
6. **संयुक्त निदेशक (प्रशा.), एनआईओएस**
7. **उप निदेशक (मूल्यांकन/गोपनीय), एनआईओएस**
8. **लेखा अधिकारी, एनआईओएस**
9. **सहा.निदेशक (प्रत्यायन), एनआईओएस**
10. **गार्ड फाइल (वि.स.से. विभाग)**